निविदा प्राप्त करने की **Additional Work for Court Room, Chamber, Office Mediation Center and Record Room in combined Court Building (Semi Basement and G+7) at Patna Civil Court Distt. Patna के कार्य हेतु दिनांक 16.09.2018 को प्राप्त ई0-निविदा का वित्तीय बीड निस्तार के लिए निगम निविदा समिति का दिनांक 23.11.2018 को आहूत बैठक की कार्यवाही:-**

---

उपस्थिति:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **श्री अमित कुमार**, प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। | अध्यक्ष |
| 2. | **श्री उपेन्द्र नारायण**, अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | सदस्य |
| 3. | **श्री रवि शंकर चौधरी**, संयुक्त सचिव-सह-आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। | सदस्य |
| 4. | **श्री राकेश कुमार**, मुख्य महाप्रबंधक, बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। | सदस्य |
| 5. | **श्री तपेश्वर प्र0 साह**, महाप्रबंधक (वित्त), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। | सदस्य |
| 6. | **श्री रंजित प्र0 सिंह**, महाप्रबंधक (दक्षिण), बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना। | सदस्य |

<u>कार्यवाही:-</u>

| | |
|---|---|
| **1.योजना का नाम:-** | Additional Work for Court Room, Chamber, Office Mediation Center and Record Room in combined Court Building (Semi Basement and G+7) at Patna Civil Court Distt. Patna का कार्य। |
| **2.प्रशासनिक स्वीकृति की राशि:-** | ₹45.78 करोड़ (विधि विभाग का पत्रांक-383, दिनांक, 22.06.2015) |
| **3.प्रावैद्यिक स्वीकृति की राशि :-** | ₹43,48,55,100/- |
| **4.पुनरीक्षित प्रावैद्यिक स्वीकृति की राशि** (इस निविदा के कार्यो सहित समेकित) :- | ₹45,08,04,000/- |
| **5.परिमाण विपत्र की राशि:-तिथि:-** | 16.09.2018 |
| **7.निविदा खोलने की तिथि:-** | 28.09.2018 |
| **8.निविदा प्रसारण का माध्यम:-** | ई-निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| **9.निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम:-** | दैनिक भास्कर, दिनांक 06.09.18 |
| **10.प्रकाशन का पी0आर0 संख्या:-** | 7903 (Ni.Ni) 2018-19 |

<u>कार्यवाही:-</u>

**Additional Work for Court Room, Chamber, Office, Mediation Center and Record Room of in combined Court Building (Semi Basement and G+7) at Patna Civil Court Distt. Patna** के कार्य हेतु ई-टेन्डर के माध्यम से पुनर्निविदा प्राप्त की गयी थी, जिसका प्रसारण दैनिक समाचार पत्र "दैनिक भास्कर" में दिनांक 06.09.2018 के संस्करण में हुआ था, जिसका पी0आर0 सं0-7903(नि0नि0) 2018-19 है।

इस योजना की प्रशासनिक स्वीकृति ₹45.78 करोड़ मात्र है जिसकी पुनरीक्षित प्रावैधिक स्वीकृति की राशि कुल ₹45,08,04,000.00 मात्र है। इस प्रावैधिक स्वीकृति के अंतर्गत **Additional Work** का परिमाण-विपत्र की राशि ₹3,29,52,873.00 मात्र है।

<u>द्वितीयवार आमंत्रित निविदा (वर्त्तमान) की स्थिति:-</u> विषयांकित कार्य की निविदा से संबंधित दिनांक 24.10.2018 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक के अनुशंसा के आलोक में निगम निविदा समिति की दिनांक 26.10.2018 की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में दिनांक 02.11.2018 के पूर्वाह्न 11:00 बजे तक किसी तरह का परिवाद/आपत्ति प्राप्त नही होने की स्थिति में इस निविदा में सफल एकल निविदादाता (1) मेसर्स बी0 राय0 कंस्ट्रक्शन कंपनी, गुप्तेश्वर कम्पलेक्स, बेकर बाँध, धनबाद, झारखण्ड का वित्तीय बीड खोला गया, जिसका सार इस प्रकार है:-

| क्र0 सं0 | निविदादाता | निविदा की राशि (अनुसूचित मदों का) | संवेदक द्वारा उद्धृत दर | कुल राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मेसर्स बी0 राय0 कंस्ट्रक्शन कंपनी, गुप्तेश्वर कम्पलेक्स, बेकर बाँध, धनबाद, झारखण्ड | ₹3,29,52,873.00 (तीन करोड़ उनतीस लाख बावन हजार आठ सौ तीहत्तर रुपये) मात्र | (9.00% ) ₹3,59,18,631.57 (तीन करोड़ उनसठ लाख अठारह हजार छः सौ इक्कतीस दशमलव पाँच सात रुपये) मात्र | (9.00% ) ₹3,59,18,631.57 (तीन करोड़ उनसठ लाख अठारह हजार छः सौ इक्कतीस दशमलव पाँच सात रुपये) मात्र |

''मेसर्स बी0 राय0 कंस्ट्रक्शन कंपनी, गुप्तेश्वर कम्पलेक्स, बेकर बाँध, धनबाद, झारखण्ड'' का उद्धृत दर अनुमोदित परिमाण विपत्र की राशि ₹3,29,52,873.00 (तीन करोड़ उनतीस लाख बावन हजार आठ सौ तीहत्तर रुपये) मात्र से 9.00% अधिक यानि ₹3,59,18,631.57 (तीन करोड़ उनसठ लाख अठारह हजार छः सौ इक्कतीस दशमलव पाँच सात रुपये) मात्र होने के कारण उनसे दिनांक 05.11.2018 को दर-वार्ता किया गया। जिसके अनुपालन में निविदादाता द्वारा दर-वार्ता के उपरांत परिमाण विपत्र की राशि ₹3,29,52,873.00 (तीन करोड़ उनतीस लाख बावन हजार आठ सौ तीहत्तर रुपये) मात्र पर कार्य करने की सहमति प्रदान की गयी। चूँकि इस निविदा का परिमाण विपत्र पूराने अनुसूचित दर पर अनुमोदित है जिसमें दिनांक 27.09.2018 से पुनरीक्षण हुआ है, अतएव उप-महाप्रबंधक, पी0आई0यू0 पटना से पराक्रमित दर पर Justification की मांग की गयी। जिसके आलोक में उनके द्वारा तुलनात्मक विवरणी संलग्न कर भेजी गयी है (संलग्न)। जिसके अवलोकन से यह स्पष्ट होता है कि वर्त्तमान अनुसूचित दर पर आकलित परिमाण विपत्र की राशि से निविदित परिमाण विपत्र की राशि से 3.74% कम है। उनके द्वारा यह भी बतालाया गया है कि निविदादाता इससे कम दर पर कार्य करने से असमर्थ है।

अतएव, उपरोक्त वर्णित परिस्थिति में वित्त विभाग, बिहार सरकार की अधिसूचना संख्या 7806(वि) दिनांक 30. 09.2016 में निहित निदेश ''दोबारा निविदा आमत्रंण के बाद भी तकनीकी बोली के मूल्यांकन के पश्चात् वित्तीय बोली के मूल्यांकन हेतु एक ही निविदा शेष हो तो उस विषय का निपटारा सक्षम प्राधिकार से एक स्तर के उपर के प्राधिकार द्वारा किया जायेगा'' के आलोक में समिति सर्वसम्मति से कुल ₹3,29,52,873.00 (तीन करोड़ उनतीस लाख बावन हजार आठ सौ तीहत्तर रुपये) मात्र की राशि पर ''मेसर्स बी0 राय0 कंस्ट्रक्शन कंपनी, गुप्तेश्वर कम्पलेक्स, बेकर बाँध, धनबाद, झारखण्ड'' के पक्ष में कार्यावंटन पर निर्णय लेने हेतु निगम निविदा समिति के माध्यम से निगम निदेशक पर्षद की आगामी बैठक में उपस्थापित करने की अनुशंसा की गयी है।

**11. निगम निविदा समिति का निर्णय:-**

तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का दिनांक 19.11.2018 को आहूत बैठक की अनुशंसा (संलग्न) के आलोक में ''मेसर्स बी0 राय0 कंस्ट्रक्शन कंपनी, गुप्तेश्वर कम्पलेक्स, बेकर बाँध, धनबाद, झारखण्ड'' का पराक्रमित दर ₹3,29,52,873.00 (तीन करोड़ उनतीस लाख बावन हजार आठ सौ तीहत्तर रुपये) मात्र, जो अनुमोदित परिमाण विपत्र की राशि के समान है, की राशि पर कार्यावंटन हेतु निदेशक पर्षद की आगामी आहूत होने वाली 46वी बैठक में निर्णय लेने हेतु समिति सर्वसम्मति से अनुशंसा करती है।

उपर्युक्त तथ्यों एवं निविदा संबंधी दस्तावेजों को मुख्य महाप्रबंधक अग्रत्तर कार्रवाई हेतु निदेशक पर्षद की आगामी बैठक में प्रस्तुत करेंगे।

13. निगम निविदा समिति की इस कार्यवाही को निगम बेवसाईट पर डाली जाय।

| | | |
|---|---|---|
| (रंजित प्र0 सिंह)<br>महाप्रबंधक (दक्षिण)<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। | (तपेश्वर प्र0 साह)<br>महाप्रबंधक (वित्त)<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। | (राकेश कुमार)<br>मुख्य महाप्रबंधक<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। |
| (रवि शंकर चौधरी)<br>संयुक्त सचिव-सह-आ0 वित्तीय सलाहकार, भ0नि0वि0, पटना। | (उपेन्द्र नारायण)<br>अभियंता प्रमुख-सह-अपर आयुक्त-सह-विशेष सचिव, भ0नि0वि0, पटना। | (अमित कुमार)<br>प्रबंध निदेशक<br>बि0रा0भ0नि0नि0लि0, पटना। |